हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 19 देहरादून, बृहस्पतिवार, 06 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



भूस्खलन से अवरुद्ध 179 सड़कों में से 52 सड़कें खुली : सतपाल महाराज 3

# प्रधानमंत्री ने भेजा काफल के लिए सीएम धामी को धन्यवाद पत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 जुलाई, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किये गए उत्तराखंड के प्रसिद्ध फल काफल के प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित अपने पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखण्ड से भेजे गए रसीले और दिव्य मौसमी फल 'काफल' प्राप्त हुए। हमारी प्रकृति ने हमें एक से बढ़कर एक उपहार दिए हैं और उत्तराखण्ड तो इस मामले में बहुत धनी है, जहां औषधीय गुणों से युक्त कंद-मूल और फल-फूल प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। काफल ऐसा ही एक फल है जिसके औषधीय गुणों का उल्लेख प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी मिलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि काफल उत्तराखण्ड की संस्कृति में भी रचा बसा है। इसका उल्लेख विभिन्न रूपों में यहां के लोकगीतों में भी पाया जाता है। उत्तराखण्ड जाएं और वहां मिलने वाले विभिन्न प्रकार के पहाड़ी फलों का स्वाद ना लें, तो यात्रा अधूरी लगती है। गर्मियों के मौसम में पक कर तैयार होने वाले काफल राज्य में आने वाले पर्यटकों में भी खासे लोकप्रिय हैं। अपनी बढ़ी हुई मांग के कारण मध्य हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाला यह फल स्थानीय लोगों को आर्थिक मजबूती भी प्रदान कर रहा है।

पीएम लिखते हैं कि मुझे खुशी है कि काफल के लिए उपयुक्त बाजार सुनिश्चित कर गुणों से भरपूर इस फल को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बाबा केदार और भगवान बद्री विशाल से उत्तराखंड के लोगों के कल्याण और राज्य की समृद्धि की कामना करता हूँ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री के पत्र हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जी के इन स्नेहपूर्ण शब्दों से हमारा तथा समस्त राज्यवासियो का उत्साहवर्धन हुआ है।



# मुख्य सचिव ने दिए प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था शुरू किए जाने के निर्देश



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था शुरू किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को कैरियर के सम्बन्ध में परामर्श दिया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे की काउंसलिंग सुनिश्चित हो सके इसके लिए प्रोफेशनल कैरियर काउंसलर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बच्चों में रुचि और कौशल को जांचने हेतु परीक्षा और उसके परिणाम के उपरांत परामर्श उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह परामर्श भौतिक रूप से, दूरस्थ क्षेत्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम या किसी एक कॉमन सेंटर में बच्चों को बुलाकर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 8वीं कक्षा से ऊपर सभी बच्चों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश को आवासीय विद्यालयों से संतृप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों को विद्यालयों के भाग के रूप में ही तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे दूरस्थ क्षेत्र जहां सडकों एवं आधारभूत सुविधाओं की कमी के कारण उत्कृष्ट विद्यालय में शामिल नहीं किया जा सकता, ऐसे स्कूलों के पास लगे कस्बों और छोटे शहरों में आवासीय विद्यालय तैयार किए जाएं। इससे इन दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे भी हॉस्टल में रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी।

मुख्य सचिव ने प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 2, 3 मॉडल लैब भी तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन मॉडल लैब को टॉप क्लास का बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि छात्रों को रोस्टर के आधार पर इन प्रयोगशालाओं में भेजा जाए। प्रत्येक छात्र को प्रयोगात्मक कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशालाएं आसपास के स्कूलों के सभी बच्चे प्रयोग कर सकें, इसके लिए कौन से स्कूल को किस प्रयोगशाला में जाना है इसका रोस्टर भी तैयार किया जाए।

इस अवसर पर सचिव श्री रविनाथ रमन एवं महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# बागेश्वर को जल्द मिलेगा 200 बेड का नया अस्पताल : रावत

बागेश्वर। शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जिले के भ्रमण के दौरान तीनों विभागों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बागेश्वर को जल्द 200 बेड का अस्पताल मिलेगा। इसमें सभी सुविधाएं मुहैया होंगी। इसके बाद जिले से मरीज रेफर नहीं होगा। जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी व उपकेंद्र में 24 घंटे डॉक्टर तैनात रहेंगे। इसके लिए वहां आवास और हॉस्टल बनाएं जाएंगे।

तहसील सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री रावत ने कहा कि जिले के सभी अस्पतालों में सभी जांचे मुफ्त की हुई हैं। बागेश्वर जिले में एक लाख, 18 हजार 751 आयुष्मान कार्ड बने हैं, जिले की जनसंख्या के अनुरूप सभी के कार्ड बनाए जाएं। कपकोट में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती कर दी गई है। अब वहां की गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के हर ब्लाक में दस-दस क्लस्टर स्कूल बनाए जाएंगे। एक से लेकर दो करोड़ रुपये इसके लिए खर्च किए जाएंगे। जिले में प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो पीएमश्री स्कूल भी बनाए जाएंगे। कहा कि इन स्कूलों में पब्लिक स्कूलों से भी बेहतर सुविधा होगी। खेलकूद, सांस्कृतिक व जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे को पांच नंबर अधिक दिए जाएंगे। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन बगैर बस्ते के बच्चे स्कूल जाएंगे। बच्चों के बस्तों का वजन पांच किलो से अधिक नहीं होगा। बागेश्वर जिले में सरकार की ओर से कोई कमी नहीं की जा रही है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत भौर्याल, जिलाधिकारी अनुराधा पाल समेत संबंधित विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**पांच परिवारों को गोद लेंगे एमबीबीएस करने वाले**

बागेश्वर। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो बच्चे एमबीबीएस, बीडीएस और नर्सिंग करेंगे वे पांच परिवारों को गोद लेंगे। इससे वे जमीन पर सभी परेशानियों को समझ सकेंगे। इसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। इससे सेवा का भाव भी पैदा होगा। कोई होनहार बच्चे को कोचिंग के लिए पांच हजार की स्कॉलरशिप दी जाएगी। अनाथ बच्चे की 12 तक की पढ़ाई मुफ्त कराई जाएगी। अभी तक 900 बच्चों को भर्ती किया जा चुका है।

**पांच हजार किसानों को मिलेगा पांच लाख रुपये तक का शून्य ब्याज पर ऋण**

बागेश्वर। सहकारिता मंत्री रावत ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बागेश्वर जिले के पांच हजार किसानों को पांच लाख रुपये तक का ऋण शून्य ब्याज पर दिया जाएगा। इसके लिए किसान अभी से फॉर्म भर लें।

**गर्भवती महिलाओं की समस्या चौपाल लगाकार सुनेंगे विधायक**

बागेश्वर। मंत्री रावत ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के साथ हर गांव में चौपाल लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में विधायक भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले में सभी एएनएम व आशाओं की भर्ती करने के निर्देश दिए। टीवी के मरीजों को गोद लिया जाए। उन्होंने लिंगानुपात कम होने पर विभाग को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं बाहर तो अल्ट्रासाउंड नहीं कर रहीं, इस पर नजर रखी जाए।

# भारत में महिलाओं को पुरुषों से कम मिलती है नींद





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 जुलाई , हर घर में सबसे अधिक काम महिलाओं को करना होता है. दरअसल, महिलाओं को घर-परिवार, रिश्तेदार सभी को संभालना होता है. अगर महिलाएं वर्किंग प्रोफेशनल होती हैं तो उनके लिए यह काम और भी बढ़ जाता है. फिर उन्हें अपने दफ्तर के काम के साथ-साथ घर की भी जिम्मेदारी संभालनी होती है. इन कामों में उन्हें काफी ज्यादा थकान हो जाती हैं.

महिलाएं परिवार के अन्य सदस्यों की तुलना में कम आराम कर पाती हैं और यहां तक कि नींद भी पूरी नहीं ले पाती हैं. इसका इनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है।

नेशनल स्लीप फाउंडेशन के एक्सपर्ट्स का कहना है कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक नींद की आवश्यकता होती है क्योंकि वे मानसिक ऊर्जा का अधिक उपयोग करती हैं और एक समय पर कई काम करती हैं. लेकिन महिलाओं की नींद की क्वालिटी प्राकृतिक रूप से पुरुषों से कम होती है. इस कारण इन्हें पुरुषों की तुलना में अधिक घंटे की नींद चाहिए होती है.

महिलाओं की नींद की क्वालिटी पुरुषों से कम होने के कारण प्राकृतिक हैं. जैसे, हॉर्मोनल बदलाव, पीरियड्स के दौरान शरीर में होने वाले बदलाव, भावनात्मक जरूरतें, रजोनिवृत्ति (Menopause) इत्यादि. इसलिए महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए यह प्रयास करना चाहिए कि वे हर दिन अपने शरीर की नींद की आवश्यकता को पूरा करें और कम से कम 8 से 9 घंटे की नींद जरूर लें. ऐसा करके आप कई हेल्थ और फिटनेस संबंधी समस्याओं से बच सकती हैं.

वुमन हेल्थ पर हुए अलग-अलग अध्यननों में यह बात सामने आ चुकी है कि पर्याप्त नींद ना लेना भारतीय महिलाओं में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं का एक बड़ा कारण है. हालांकि हमारे यहां इस फैक्ट से भी कम ही लोग परिचित हैं कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक घंटे की नींद की आवश्यकता होती है.आपने उम्र के आधार पर नींद की आवश्यकता के बारे में जरूर पढ़ा या सुना होगा. जैसे, 0 से 5 साल की उम्र के बच्चों को 10 से 12 घंटे की नींद चाहिए होती है. 18 से 64 साल की उम्र में 7 से 9 घंटे की नींद चाहिए होती है और फिर 65 से 90 की उम्र में नींद की जरूरत बढ़ जाती है. ठीक इसी तरह जेंडर के आधार पर नींद की जरूरत अलग होती है.

# पेशाब का रंग और झाग बदले तो समझिये है खतरे की घंटी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 जुलाई , दुनिया भर में कैंसर मौत की अहम वजहों में से एक हैं। भारत में इस खतरनाक बीमारी को लेकर लोग जागरूक नहीं हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां ज्यादातर कैंसर के मामलों को डायग्नोसिस तब किया जाता है जब वो थर्ड स्टेज में पहुंच जाता है। जिसकी वजह से रोगी की जान बचाना मुश्किल हो जाता है। मरीज में अगर कोई लक्षण नजर आता है तो वो इसे इग्नोर कर देता है और बीमारी फैलती जाती है। इसलिए इसे शुरुआती स्टेज में पहचानना जरूरी होता है। हम यहां बात करेंगे किडनी कैंसर के बारे में। जिसे शुरुआत में ही पकड़ लिया जाए तो इसे फैलने से रोका जा सकता है।

**किडनी कैंसर क्या होता है**

किडनी कैंसर को मेडिकल टर्म में रीनल सेल कार्सिनोमा कहते हैं। यह कैंसर किडनी में छोटी ट्यूबों के अस्तर में शुरू होता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो किडनी कैंसर के निम्न ग्रेड धीमी गति से बढ़ते हैं। जबकि उच्च ग्रेड तेजी से बढ़ सकते हैं।शरीर में कुछ परिवर्तन पर गौर करके हम आसानी से इस बीमारी के बारे में पता लगा सकते हैं। ताकि सही वक्त पर इलाज मिल सकें।

**किडनी कैंसर के लक्षण**

किडनी कैंसर के शुरुआती लक्षण तो नहीं सामने आते हैं। लेकिन जैसे-जैसे यह डेवलप होते जाता है कुछ लक्षण सामने आती है जिसे इग्नोर बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए। इन लक्षणों के दिखते ही डॉक्टर के पास जाना चाहिए। लक्षण हैं - पेशाब का रंग बदल जाना (गुलाबी, लाल या कोला रंग का आना) , बिना किसी कारण वजन का घटना , भूख नहीं लगना , थकान और बुखार , बार-बार बुखार आना , टखनौ और पैरों में सूजन , पेशाब के रंग पर गौर करेंअगर पेशाब का रंग बदल जाता है तो इसे बिल्कुल भी इग्नोर नहीं करें। ये प्रारंभिक लक्षण है जो किडनी कैंसर में दिखाई देती है। इतना ही नहीं अगर पेशाब में खून आ रहा है तो भी ये किडनी कैंसर का संकेत हो सकती है। इसलिए पेशाब के रंग पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। पेशाब का रंग बदलना अन्य बीमारियों का भी लक्षण हो सकता है।

**किडनी कैंसर का ट्रीटमेंट**

किडनी कैंसर का पता लगाने के लिए बायोप्सी या फिर सीटी स्कैन किया जाता है। उसके बाद इलाज शुरू होता है। अगर यह तेजी से फैल रहा होता है तो फिर सर्जरी की जरूरतो होती है। रेडिकल या आंशिक नेफरेक्टोमी एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरी किडनी या उसके कुछ हिस्से को निकाल देती है। जिन मरीजों की सर्जरी नहीं हो सकती है उन्हें रेडियो एक्टिविटी, कीमोथेरेपी या एब्लेशन थेरेपी से इलाज किया जाता है।

# डायबिटीज का नया लक्षण आया सामने, दिखते ही तुरंत कराएं जांच

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 जुलाई : डायबिटीज एक सामान्य स्थिति है जो इंडिया में काफी तेजी से फैल रही है. इन सभी मामलों में से 90 प्रतिशत मामले टाइप 2 डायबिटीज के हैं. ऐसा दावा किया गया है कि अगर आपके मुंह से असामान्य गंध आती है तो आपकी ब्लड शुगर हाई हो सकती है यानी आपको डायबिटीज हो सकती है.फल जैसी गंध वाली सांस डायबिटिक कीटोएसिडोसिस का लक्षण हो सकती है जो डायबिटीज का पहला संकेत हो सकता है.

वेट वॉचर्स के अनुसार, डायबिटिक कीटोएसिडोसिस शरीर के अंदर एक प्रक्रिया है जिसमें इंसुलिन की कमी के कारण खून में हानिकारक कीटोन्स का निर्माण होता है, और यह डायबिटीज का एक असामान्य संकेत है. ऐसा दावा किया गया है कि डायबिटीज के कारण सांसों में दुर्गंध भी आ सकती है, क्योंकि इस स्थिति के कारण मुंह में ग्लूकोज का स्तर बढ़ सकता है ,बैक्टीरिया इस चीनी का उपयोग भोजन के रूप में करते हैं जो बाद में संक्रमण और मसूड़ों की बीमारी का कारण बनता है. मसूड़ों की बीमारी मुंह से दुर्गंध के सबसे आम कारणों में से एक है जिसमें मुंह से दुर्गंध आती है.

वेट वॉचर्स ने कहा, सांस से फलों जैसी गंध या स्वाद आती है तो वह डायबिटिक कीटोएसिडोसिस नामक खतरनाक स्थिति का संकेत हो सकता है. डायबिटीज कीटोएसिडोसिस पहला संकेत भी हो सकता है कि आपको टाइप 1 डायबिटीज है. पर्याप्त इंसुलिन के बिना, आपके शरीर को ग्लूकोज से आवश्यक ऊर्जा नहीं मिल पाती है इसलिए यह फैट का उपयोग करने लगता है और कीटोन्स नामक कैमिकल उत्पन्न करता है. फिर जब आपके खून में बहुत अधिक कीटोन्स जमा हो जाते हैं ,तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हालांकि फल जैसी गंध वाली सांस डीकेए की पहचान है लेकिन यह एकमात्र लक्षण नहीं है. आपको सांस लेने में भी परेशानी हो सकती है, त्वचा लाल हो सकती है या उल्टियां आ सकती हैं,

डायबिटीज के सबसे आम लक्षणों में कटना या घाव होना, जिसे ठीक होने में अधिक समय लगता है. साथ ही काफी अधिक प्यास के साथ अधिक पेशाब भी लगती है. यदि आप अपने आपमें डायबिटीज के चेतावनी संकेत या लक्षण देखते हैं या आपको लगता है कि आपको डायबिटीज का जोखिम हो सकता है तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए. इस स्थिति का इलाज काफी जरूरी है नहीं तो आगे चलकर ह्रदय रोग और स्ट्रोक सहित कुछ घातक बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता हो सकता है.



# भूस्खलन से अवरुद्ध 179 सड़कों में से 52 सड़कें खुली : सतपाल महाराज

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून , 6 जुलाई , मानसून सीजन को लेकर लोक निर्माण विभाग ने प्रभावी कार्य योजना तैयार की है। भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण अवरुद्ध 179 सड़कों में से अभी तक 52 सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया गया है। सड़कों को खोलने के लिए कुल 468 जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर, व्हीललोडर, व्हील डोजर आदि मशीनों को चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर तैनात किया गया है। इन मशीनों में एआईएस मॉडल जीपीएस लगाया गया है जिससे उनके मूवमेन्ट की सूचना ऑनलाइन उपलब्ध हो सके।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने मानसून सीजन को लेकर प्रमुख अभियंता कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, यमुना कॉलोनी स्थित भवन में लोक निर्माण विभाग की तैयारियों को लेकर हुई एक बैठक की।



उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति का आंकलन करने के साथ-साथ भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कों से मलबा हटाने के प्रबंधन की भी विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।लोक निर्माण मंत्री महाराज ने बताया कि प्रदेश में कुल 8436 राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग, ग्रामीण मार्ग और हल्के वाहन मार्गों पर मानसून सीजन आपदा प्रबंधन हेतु कार्य योजना बनाकर जेसीबी, पोकलेन, चेन डोजर, व्हीललोडर, व्हील डोजर, ट्रक एवं टिप्पर यूटिलिटी वाहन आदि की सूचना तथा समस्त फील्ड अभियंताओं वह ऑपरेटरों के दूरभाष नंबर इस हेतु सम्मिलित किए गए हैं।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विभिन्न खंडों द्वारा विभागीय एवं निजी श्रमिकों तथा उपलब्ध मशीनों के माध्यम से मार्गों पर अप्रैल माह से जून 2023 तक 7140 नालियों की साफ सफाई का उचित प्रबंध किया गया है। बैठक के दौरान श्री महाराज ने मानसून के दौरान समस्त विभागीय फील्ड अधिकारियों को दूरभाष पर उपलब्ध रहने के निर्देश देते हुए जनपद स्तर पर आपदा कार्यों हेतु विभिन्न विभागों से आपसी समन्वय स्थापित करने को भी कहा है।बैठक के दौरान लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों से कहा कि श्रीनगर से आते हुए तोता घाटी के पास अक्सर मार्ग अवरुद्ध हो जाता है जिसका पता बाद में चलता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए पहले ही डायवर्जन के समीप इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन या कोई सिस्टम ऐसा लगाना चाहिए जिससे मार्ग अवरुद्ध होने का पता लोगों को पहले ही चल जाए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन में फ्लाई ओवरों से पानी की निकासी के भी समुचित प्रबंध होने चाहिएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गढ़वाल एवं कुमाऊं को जोड़ने के लिए सड़कों की पर्याप्त कनेक्टिविटी होनी चाहिए। लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली से वर्चुअल जुड़े लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन के दौरान सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का सजगता के साथ निर्वहन करें और अवरुद्ध सड़कों को खोलने में किसी प्रकार की कोई कोताही ना बरतें। महाराज ने पूर्व में बगैर टेंडर के लोगों को काम देने और फिर उनका भुगतान न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कि ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए जिन्होंने काम करवाने के बाद काम करने वालों को भुगतान नहीं किया है। ऐसे सभी लोगों का भुगतान किया जाना चाहिए जिन्होंने उन अधिकारियों के कहने पर कार्य किए हैं।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे, अपर सचिव विनीत कुमार, प्रमुख अभियंता दीपक कुमार यादव सहित लोक निर्माण विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# हाल-ए-शहर जानने सड़क पर उतरी डीएम सोनिका

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून 6 जुलाई, जिलाधिकारी सोनिका ने रिस्पना से बंजारावाला, कारगी चैक, जोगीवाला, 6 नंबर पुलिया, सहत्रधारा क्रॉसिंग , सर्वे चौक, परेड ग्राउंड, राजपुर रोड, प्रिंस चौक, हरिद्वार रोड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यस्थल पर बने रहने के निर्देश दिए।



बंजारावाला में धीमी कार्य प्रगति पर यूयू-एसडीए (उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी) के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए नाराजगी व्यक्त की। रिस्पना से बंजारावाला जोगीवाला तक उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी के अधिकारियों को कार्य प्रगति बढाने के निर्देश दिए। प्रिंस चौक , सर्वे चौक, सहस्त्रधारा क्रासिंग एवं पर लोनिवि प्रांतीय खण्ड तथा जोगीवाला, 06 नवम्बर पुलिया पर अस्थाई खण्ड लोनिवि के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटिरिंग करते हुए कार्य प्रगति में तेजी लाएं साथ स्पष्ट निर्देश दिए निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम बनाए ताकि किसी प्रकार की घटना घटित न हो। उन्होंने शहर में सड़कों पर जलभराव की स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए नगर निगम एवं लोनिवि को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों के निर्माण एवं नालियां खोले जाने के कार्यों को यथाशीघ्र करें। निरीक्षण के दौरान लोनिवि, यूयूए-सडीए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### वन महोत्सव में लिया पौधे लगाने का संकल्प

हरिद्वार। हरिद्वार वन प्रभाग की श्यामपुर रेंज में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जन प्रतिनिधियों ने वन महोत्सव के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। बुधवार को श्यामपुर रेंज के वन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप वन संरक्षक नीरज शर्मा ने जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और स्कूली छात्र-छात्राओं को वन महोत्सव के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उप प्रभागीय वनाधिकारी ने लोगों को वनों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान आम और अन्य प्रजातियों के विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेत्र सिंह उप वन क्षेत्राधिकारी ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ब्रिज मोहन पोखरियाल, ग्राम प्रधान योगेश चौहान, देवेंद्र सिंह नेगी, ग्राम प्रधान गाजीवाली, ग्राम प्रधान बाहरपीली, ग्राम प्रधान कांगड़ी, महिला मंगल दल श्यामपुर, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्कूली छात्र-छत्राएं आदि उपस्थित रहे।

### लंपी बीमारी से कई पशुओं की मौत

रुद्रप्रयाग जिले में लंपी बीमारी से अब तक जनपद में 34 पशुओं की मौत हो गई है। जबकि अनेक गांवों में 127 पशु अभी भी संक्रमित हैं। पशुपालन ने सम्पूर्ण जनपद में 60 हजार पशुओं पर इस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगा दी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशीष कुमार ने बताया कि जनपद में 878 पशुओं में लंपी के लक्षण पाए गए। इनमें से वैक्सीन लगाने के बाद 713 पशु ठीक हो गए। जबकि 127 अभी भी बीमार चल रहे हैं। अब तक 34 पशुओं की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि लंपी के लिए विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

### नर्सरी रोड की खस्ताहाल स्थिति से लोग झेल रहे परेशानी

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में नर्सरी रोड की खस्ताहाल स्थिति से लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। नगर के अति व्यस्ततम मार्गों में से एक इस मार्ग के रख-रखाव को लेकर नगर निगम की अनदेखी से लोगों में रोष है। मार्ग पर रेलवे द्वारा बनाए गए नए पुल के शुरू में ही सीवर लाइन के चेंबर से सीवर का पानी सडक़ में पसरने से पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानियां हो रही हैं। नर्सरी रोड से होकर कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ ही चौरास क्षेत्र व स्थानीय लोगों की आवाजाही होती है। लेकिन इस मार्ग की कई जगहों पर खस्ताहाल स्थिति बने होने से लोगों में नगर निगम व सबंधित विभागों के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि मार्ग पर कई जगहों पर भारी-भरकम गड्ढे बने हुए हैं। जिनमें दुपहिया वाहनों का गुजरना तक मुसीबत का कारण बन रहा है। कई बार लोगों द्वारा मार्ग की स्थिति ठीक कराए जाने की मांग कर दी गई है। बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। दूसरी ओर इस मार्ग पर सीवर व नालियों का पानी भी पसर रहा है। जिससे पैदल चलने वाले लोगों सहित स्कूली बच्चों पर वाहनों के गुजरने के दौरान गंदे पानी के छीटें पडऩे व पैदल चलने में भी दिक्कतें हो रही हैं।

### मानकों के खिलाफ खुली मांस की दुकानों के संचालन पर भडक़े

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर में मांस की दुकानों का मानकों के खिलाफ संचालन होने पर बजरंग दल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में उन्होंने एसडीएम व कोतवाल से मिलकर इस पर लगाम लगाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा यदि उनकी मांग पर अमल नहीं हुआ तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। बजरंग दल के जिला संयोजक राजन, सूरज, अंशुल, विवेक, संदीप, अभिषेक, विशाल सहित भाजपा के पंकज उनियाल, शैलेश मलासी आदि कार्यकर्ताओं ने कहा कि कीर्तिनगर में मंगलवार को सायं के समय एक मांस विक्रेता द्वारा दुकान का आधा शटर खोलकर मांस-मछली बेची जा रही थी। इसकी भनक लगने पर कार्यकर्ताओं ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया व मौके पर पहुंचकर विरोध जताया।

# उत्तराखंड : हरिद्वार से बड़ोदरा के लिए चलेगी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 06 जुलाई : यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने बीते दिन हरिद्वार से सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। शाम पांच बजकर 20 मिनट पर यह ट्रेन हरिद्वार से गुजरात के बड़ोदरा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन उत्तराखंड, यूपी, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात के 14 स्टेशनों पर रुकेगी। यह जानकारी डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन की ओर से यह ट्वीट कर दी गई।

ट्वीट के अनुसार यह ट्रेन चार जुलाई को सिर्फ एक फेरा ही लगाएगी। ट्रेन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के साथ वातानुकूलित कोच के अलावा स्लीपर और सामान्य कोच हैं। ट्रेन हरिद्वार, रुड़की, टपरी, मुजफ्फरनगर, मेरठ शहर, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा और वडोदरा स्टेशन पर रुकेगी। डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन ने बताया, गर्मियों के दिनों यात्रियों की संख्या में हुए इजाफे को देखते हुए यह ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है।

रेलवे प्रशासन की ओर से अक्सर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाती है। रही बात देहरादून से इस ट्रेन का संचालन करने की तो दून रेलवे स्टेशन की क्षमता फुल यार्ड यानि 18-22 कोच ट्रेन के संचालन की न होने की वजह से इस ट्रेन का हरिद्वार से संचालन किया जा रहा है।

डोईवाला रेलवे स्टेशन के पास प्रेमनगर और चांदमारी फाटक पर लंबा जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, कई बार एंबुलेंस फंसने से बीमार लोगों को भी मुश्किल हो रही है। इस संबंध में स्थानीय निवासी अजय ने रेलवे को ट्वीट किया तो डीआरएम मुरादाबाद की ओर से प्रतिक्रिया देते हुए लिखा गया कि संबंधित अधिकारी को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया गया है।



# टिहरी के कई गांवों में रात को लग रहा है कर्फ्यू स्कूल नहीं जा रहे बच्चे, गुलदार का खौफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी 06 जुलाई : यूँ तो पूरे उत्तराखंड में ही गुलदार का आतंक फैला है मगर हम बात करेंगे नई टिहरी जिले की जहां पर इस कदर गुलदार जगह जगह सक्रिय हैं, कि वहां रात को कर्फ्यू लग जाता है। टिहरी के प्रतापनगर सहित अन्य जगहों पर गुलदार का आतंक बना हुआ है। प्रतापनगर के गांवों में तो गुलदार का कर्फ्यू लगा हुआ है। घनसाली के कुछ गांवों में भी गुलदार की दहशत बनी है। गुलदार का आतंक इस कदर छाया है कि सूरज ढलते ही ग्रामीणों के दरवाजे बंद हो जाते हैं। गुलदार के भय से बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

स्थिति यह हो रखी है कि गई गांवों में सायं होते ही गुलदार को भगाने के लिए ग्रामीणों को रात तक कनस्तर बजाना पड़ रहा है जिससे बाकी लोग सेफ रहें। टिहरी जिले के विभिन्न गांवों में गुलदार का भय बना हुआ है। प्रताप नगर के बौसाड़ी गांव में अभी कुछ दिन पहले शाम को अपने नातियों के साथ आंगन में टहल रही महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। महिला के चिल्लाने पर घर के सदस्य भी बाहर भागे, जिससे गुलदार भाग निकला और बच्चों की जान भी बच गई। वहीं इसी ब्लाक के भरपूरिया गांव में तो गुलदार दिनदहाड़े आ धमका, जिससे गांव में दहशत बन गई। यहां पर शाम होते ही लोगों के घरों में ताला लग जाता है।

इसी तरह भिलंगना ब्लाक के नैलचामी व गोनगढ़ पट्टी में भी गुलदार के आतंक से ग्रामीणों का इधर-उधर जाना मुश्किल हो गया है। नैलचामी में पिछले दो सप्ताह से गुलदार का आतंक बना है। एक जुलाई को स्कूल खुलने के बाद गुलदार के भय से इन गांवों में पचास प्रतिशत से भी कम बच्चे स्कूल गए। वहीं ग्रामीण भी अकेले इधर-उधर नहीं जा पा रहे हैं। महिलाओं ने भी खेतीबाड़ी का काम भी बंद कर दिया है। लोगों की दिनचर्या बेहद प्रभावित हो रही है। कुल मिला कर टिहरी में गुलदार के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों के बीच खौफ़ पसर रखा है।




# हरिद्वार : स्नान करते समय गंगा में डूबे दिल्ली और हरियाणा के दो कांवड़िए, पुलिस ने ऐसे बचाई जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 06 जुलाई : हरिद्वार में गंगा में स्नान करते हुए बह गए हरियाणा और दिल्ली के दो कांवड़ियों को जल पुलिस ने रेस्क्यू कर लिया। जान बचाने पर कांवड़ियों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस के मुताबिक बीते दिन दिल्ली के शाहदरा से गंगाजल भरने हरिद्वार पहुंचे 17 वर्षीय रोहन जोधपुर भवन के पास गंगा में स्नान करना लगा।

अचानक तेज बहाव में बहने लगा। ये देख श्रद्धालुओं ने शोर मचा दिया। तभी पास में ही तैनात जल पुलिस के जवान विक्रांत, जानू पाल, सन्नी कुमार, गौरव शर्मा ने गंगा में डूबते हुए रोहन को बचा लिया। दूसरी तरफ सागर 18 वर्ष निवासी निवासी बालाडी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा भी गंगा में बह गया। जल पुलिस के जवानों ने खेतेश्वर भवन के पास रेस्क्यू करते हुए गंगा से बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि गंगा में डूब रहे दोनों कांवड़ियों को जल पुलिस की टीम ने बचाते हुए सुरक्षित बाहर निकालकर ले आई।



# उत्तरकाशी : अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी में कार, हादसे में मां-बेटे की मौत, बड़ा भाई गंभीर घायल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 जुलाई : अपनी मां का इलाज करवाकर लौट रहे दो सगे भाइयों की कार हादसे का शिकार हो गई है। दुर्घटना में मां और छोटे भाई की मौत हो गई। बडेथ- बनचौरा रोड पर हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। और गंभीर घायल को सीएचसी चिन्यालीसौड़ भर्ती करवाया। बीते दिन तड़के एक कार सड़क से 300-400 मीटर नीचे खाई में गिरी गई। इस हादसे में पवना देवी (48) पत्नी रूकम सिंह और विकास (22) की मौके पर ही मौत हो गई। विकास आर्मी में कार्यरत था। हादसे में दूसरा भाई भूपेन्द्र (25) गंभीर घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। भूपेंद्र भी आर्मी में कार्यरत है।

# बरसात में भुट्टा खाना अच्छी बात है, जान लीजिए ये आपके शरीर को किस तरह फायदा पहुंचाता है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 जुलाई : बारिश के मौसम में भुट्टा खाने का अपना अलग ही मजा है. बरसात के मौसम में आपको हर गली नुक्कड़ पर भुट्टे की स्टॉल तो नजर आएगी ही साथ ही खाने वालों की भी भीड़ लगी रहती है. रिमझिम बारिश में सोंधी सोंधी खुशबू लेते हुए लोगों को चटपटा और गर्म भुट्टा खाने में खूब मजा आता है. लेकिन बहुत कम ही लोग हैं जिन्हें यह मालूम है कि भुट्टा स्वाद के साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है. आइए जानते हैं भुट्टा खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं...



ऊर्जा-कार्बोहाइड्रेट को ऊर्जा का मेन सोर्स माना जाता है. और मक्के में कार्बोहाइड्रेट की भरपूर मात्रा होती है. इसलिए इसे खाने से पेट भरने के साथ-साथ आपको ढेर सारी एनर्जी मिलती है. इसके अलावा मक्के में मौजूद कार्ब्स ऐसे होते हैं कि वो आपके शरीर द्वारा धीरे-धीरे अवशोषित होते हैं. जिससे आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक बने रहने में मदद मिलती है.

कोलेस्ट्रॉल -आप सब तो जानते ही हैं कि बैड कोलेस्ट्रॉल दिल की बीमारी के जोखिम को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होता है. ऐसे में कॉर्न खाने से आप कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल कर सकते हैं. बता दें कि भुट्टे में विटामिन सी बायोफ्लेवोनॉयड्स, कैरोटेनॉयड्स, फाइबर मौजूद होता है जो कोलेस्ट्रॉल को घटाने में मदद करता है और आपके एड्रेस को ब्लॉक होने से बचाता है. इसे खाने से हार्ट डिजीज होने का रिस्क कम होता है.

कैंसर- मकई एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनॉयड से भरपूर है यह कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक होता है ऐसा इसलिए है क्योंकि एंटीऑक्सीडेंट हानिकारक फ्री रेडिकल कंपाउंड के नकारात्मक प्रभाव को बेअसर करते हैं जो आपको कैंसर के खतरे में डालते हैं इसके अलावा मकई में फेरूलिक एसिड होता है जो स्तन और लिवर में मौजूद ट्यूमर के आकार को कम करने में बड़ी भूमिका निभाता है.

त्वचा-जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है मारी तो अच्छा मुक्त कणों से होने वाली क्षति से ग्रस्त हो जाती है. जिसके कारण झुर्रियां पड़ने लगती है. मक्का beta-carotene से भरपूर होता है. जो विटामिन ए विटामिन सी और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट बनाता है. यह आपकी त्वचा को स्वस्थ रखता है और उम्र बढ़ने के लक्षणों को रोकता है.

हड्डी-आपको मालूम होना चाहिए कि मक्का सिंह फॉस्फोरस मैग्नीशियम और आयरन जैसे खनिजों से भरपूर होता है यह खनिज आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यह आपको गठिया जैसे हड्डियों से संबंधित बीमारियों से बचाता है.

आंख-मकई beta-carotene से भरपूर होता है. ये एक ऐसा कंपाउंड है जो विटामिन ए के निर्माण में मदद करता है. यह विटामिन आपकी दृष्टि में सुधार करने और आंखों से संबंधित कई तरह की समस्याओं को रोकने के लिए जाना जाता है. इसके अलावा मकई में मौजूद कैरीटीनॉयड मस्कुलर डिजनरेशन से बचाता है.

# दुकान का ताला तोड़ सिर्फ दाहिने पैर के लिए 200 जूते चुरा ले गए चोर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : चोरी की घटना के बारे में आपने खूब सुना होगा. लेकिन शायद ही कभी इस तरह की चोरी के बारे में आपने सुना होगा, जैसा हम बताने जा रहे हैं. दरअसल, मध्य पेरू के हुआ के शहर में तीन चोरों ने एक जूते की दुकान से करीब 200 जूते चुरा लिए. ख़ास बात यह है कि चोरों ने जो जूते चुराए हैं वे सभी जूते दाहिने पैर के थे. पुलिस के अनुसार, चोरों ने आधी रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, चोरों ने जो 200 स्नीकर्स चुराए हैं उनकी कीमत करीब 13,000 डॉलर रही है. मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चोर अब चोरी किए गए जूतों को बेचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. पुलिस का अनुमान है कि चोर जल्दी में रहे होंगे. उन्हें अपनी गलती के बारे में चोरी करने के कुछ देर बाद पता चला होगा . सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस ने बताया कि चोरों ने आधी रात को दुकान में लगे ताले तो तोड़ चोरी किया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बताया कि चोर तिपहिया साइकिल से आए थे. चोरी करने के बाद चोर तिपहिया साइकिल के जरिये जूते ले गए. घटना को लेकर स्थानीय पुलिस प्रमुख एडुआन डियाज ने स्थानीय मीडिया से कहा कि हमने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं. यह चोरी बेहद ही असामान्य है. ऐसा इसलिए क्योंकि चोरों ने केवल दाहिने पैर के जूते चोरी किए गए हैं. ऐसे में हम कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रख घटना की जांच कर रहे हैं. डियाज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और उंगलियों के निशान के आधार पर हम चोरों के बारे में पता लगाने में सक्षम होंगे.




जिस दुकानदार की दुकान में चोरी हुई है उसने मीडिया से कहा कि चोरों ने डिस्प्ले पर लगे सभी जूते चुरा लिए हैं. हमने सिर्फ दाहिने पैर के जूते डिस्प्ले पर लगाए थे. ऐसे में चोरों को कोई फायदा नहीं होने वाला. हालांकि इससे मेरा नुकसान जरूर हो गया है. यह समझ से परे है कि आखिर चोरों ने इस तरह की चोरी क्यों की.

# उत्तराखंड : बागेश्वर में बिजली गिरने से बकरियां चराने गए युवक की दर्दनाक मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 जुलाई : पहाड़ों में बारिश से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा हर दिन अलग अलग जिलों के लिए अलर्ट जारी किया जा रहा है। इस बीच कहीं से भूस्खलन, कहीं से बिजली गिरने और कहीं से नदियों का जलस्तर बढ़ने की खबरें आ रही हैं। हमारी आपसे अपील है कि बारिश के दौरान कहीं बाहर जाने से परहेज करें। अब बागेश्वर जिले से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां आसमानी बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।बागेश्वर के कपकोट तहसील के लीति गांव के रहने वाला रमेश सिंह बकरियां चराने के लिए जंगल गया हुआ था। घटना बीते दिन की बताई जा रही है। इस दौरान आसमान से बिजली गिरी और रमेश सिंह को अपने आगोश में ले लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आसमानी बिजली गिरने से मौत की बात सामने आई है।





## संक्षिप्त खबरें

### बेरोजगारों ने लगाया लैब टेक्नीशियन भर्ती में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग की

देहरादून। मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संघ एवं बेरोजगार संघ ने रविवार को आयोजित हुई लैब टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका जताई है। उन्होंने इस परीक्षा की जांच की मांग की है। प्रशिक्षित बेरोजगार लैब टेक्नीशियन बुधवार को बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार के नेतृत्व में चिकित्सा चयन आयोग के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने चयन आयोग की सचिव गरिमा रौंकली से मुलाकात कर आशंका जताई कि लैब टेक्नीशियन के पदों के लिए आयोजित हुई परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में आए कई प्रश्न एक ऑन लाइन लिंक के प्रश्नों से मेल खा रहे हैं। ऐसे में गड़बड़ी की आशंका है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कराई जाए। बेरोजगारों ने इस दौरान लैब टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा पर सवाल उठाते हुए इसे रद्द कर वरिष्ठता से नियुक्ति करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि लैब टैक्नीशियन लम्बे समय से राज्य के अस्पतालों में संविदा पर काम कर रहे हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेजों के लिए निकाले गए पदों को लिखित परीक्षा की बजाए वरिष्ठता से भरा जाए। इधर चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक प्रो विजय जुयाल ने बयान जारी कर बताया कि बेरोजगारों की ओर से की गई शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपों की सत्यता की जांच कराई जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मोहनलाल भट्ट, मयंक, अनुराग, मोहित, राजेश, दिनेश सहित कई बेरोजगार मौजूद रहे।

### मालवाहक वाहन बॉर्डर पर रोके

रुडकी. कांवड़ मेला शुरू होने के बाद हाईवे पर यातायात का दबाव बढने लगा है। इस वजह से पुलिस ने दिल्ली की ओर से आने वाले ट्रक और ट्रेलर बॉर्डर पर ही रोक दिए। बॉर्डर पर भारी वाहन रोके जाने से हाईवे पर ट्रक और ट्रेलरों की काफी लंबी लाइन लग गई। गर्मी में ट्रकों के ड्राइवर परेशान रहे और आगे बढने की अनुमति का इंतजार करते रहे। हाईवे किनारे ट्रकों को लाइन में लगाने के लिए पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी।

### मॉडिफाई साइलेंसर वाली दो बाइकें सीज की

रुडकी. पुलिस ने कांवड़ मेले को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया है। इसके तहत पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर से तेज ध्वनि निकालने पर दो बाइकों को सीज कर दिया। बुधवार को पुलिस ने मंडावर और काली नदी चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया। तेज ध्वनि वाले बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। दो बाइकों में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज निकाली जा रही थी। एमवी ऐक्ट के तहत सीज की कार्रवाई की गई। इस दौरान दुपहिया वाहन चालक वाहनों को संपर्क मार्गों से ले जाने में लगे रहे।

### बाजार बंदी का असर ट्रैफिक पर पड़ा

रुड़की। बाजार में साप्तहिक बंदी का असर ट्रैफिक पर भी पड़ा। बाजारों में भीड़ कम होने से जाम से कुछ राहत मिली। पुलिस ने फिर लोगों से अपील की है कि कुछ दिन चौपहिया वाहन लेकर बहुत जरूरी होने पर ही निकलें। चार जुलाई से कांवड़ यात्रा विधिवत शुरू हो चुकी है। कांवड़ को लेकर शहर में ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। रुड़की में कांवड़िए अभी कांवड़ पटरी मार्ग से जा रहे हैं। कांवड़ पटरी शहर के अंदर से गुजरती है। पटरी मार्ग पर जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। ट्रैफिक प्लान लागू होते ही मंगलवार को शहर में जाम लग गया था।

### ट्रेन की चपेट में आकर रेल कर्मचारी की मौत

रुड़की। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के इकबालपुर के पास संदिग्ध हालत में मंगलवार रात ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी किशन कुमार की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक के परिजन और साथी कर्मचारी भी सिविल अस्पताल पहुंचे।

# शिव भक्तों के लिए चलेंगी दो मेला स्पेशल ट्रेनें, ये है शेड्यूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 06 जुलाई : हरिद्वार में बीते दिन कांवड़ मेला शुरू हो गया है। ऐसे में शिव भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दो मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनका संचालन बीते दिन शुरू हो गया है । यह ट्रेनें 20 जुलाई तक हरिद्वार से दिल्ली के बीच चलेंगी। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मेला स्पेशल ट्रेन शामली डेमू एक्सप्रेस स्पेशल बुधवार रात आठ बजे से दिल्ली से हरिद्वार के लिए रवाना होगी है । जबकि, अगले दिन यानी दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर यह ट्रेन हरिद्वार से दिल्ली के लिए रवाना होगी।

वहीं, सहारनपुर मेमू एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन भी पांच जुलाई को शाम चार बजकर 25 मिनट पर दिल्ली से हरिद्वार के लिए रवाना होगी गई थी । अगले दिन यह ट्रेन दोपहर दो बजे हरिद्वार से दिल्ली के लिए निकलेगी। हरिद्वार दिल्ली के बीच सभी स्टेशनों पर मेला स्पेशल ट्रेनें दो मिनट अतिरिक्त रुकेंगी। रेलवे के अनुसार भीड़ बढ़ने पर इसके अलावा भी ट्रेनें चलाई जाएंगी। जबकि, कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी चलाए जाएंगे।

हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए आसपास के स्टेशनों पर एक-एक अतिरिक्त ट्रेन को रखा जाएगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के डीआरएम अजय नंदन ने बताया, कांवड़ मेले के दौरान अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जानी हैं। ऐसे में हरिद्वार स्टेशन पर अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित न हो। इसके लिए आसपास जैसे रायवाला, डोईवाला, देहरादून, ऋषिकेश, कांसरो, सहारनपुर स्टेशन पर जरूरत के हिसाब से एक-एक अतिरिक्त ट्रेन रखी जाएगी। जिससे जिस स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, वहीं पास के स्टेशन से ट्रेन बुलाई जा सके। इससे समय बचने के साथ अन्य ट्रेनों का संचालन भी सामान्य रूप से हो सकेगा।






# देहरादून : मानसून आते ही शुरू हुआ डेंगू का कहर, प्रशासन अलर्ट




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 जुलाई : मानसून आते ही डेंगू का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। देहरादून में बीते दिन डेंगू के छह मरीज मिले हैं। इन मरीजों की उम्र 20 से 52 साल के बीच है। एक 45 वर्षीय महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। अन्य सभी मरीज घरों में इलाज कर रहे हैं। एक साथ छह मरीज मिलने की सूचना मिलते ही डीएम ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों की बैठक बुलाई।

इस दौरान अधिकारियों से घरों और स्कूलों के आसपास जलभराव न होने देने और डेंगू से बचाव करने के निर्देश दिए। जिला मलेरिया अधिकारी सुभाष जोशी ने बताया कि यह सभी मरीज पिछले 24 घंटे में मिले हैं। इनमें चार महिलाएं और दो पुरुष डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें पांच मरीज रायपुर और एक मरीज विकासनगर के हैं।

बीते दिन डीएम की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में बैठक की गई। इसमें मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, सीएमओ, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला वेक्टर जनित रोग अधिकारी, जिला आशा समन्वयक, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट आदि शामिल रहे। डीएम ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि चार जुलाई को डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक की जाए। इस बैठक में नगर निगम क्षेत्र के तहत कार्यरत आशा फैसिलिटेटर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डेंगू चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण, रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को निर्देशित किया कि स्कूलों में जलभराव न होने दें। बच्चों को डेंगू से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**अस्पतालों में 141 बेड आरक्षित**

सुभाष जोशी ने बताया कि डेंगू के मद्देनजर अस्पतालों में 141 बेड आरक्षित किए गए हैं। इनमें 30 बेड दून अस्पताल, 30 बेड कोरोनेशन अस्पताल के साथ उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में भी बेड रिजर्व रखे गए हैं। जरूरत पड़ने पर मरीजों को भर्ती किया जाएगा। डेंगू की निशुल्क जांच दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल में हो रही है।

**डेंगू के लक्षण**

- तेज बुखार- सिरदर्द- आंख में दर्द- उल्टी में खून- लगातार उल्टी आना- जी मिचलाना- पेट दर्द

**डेंगू से बचाव के उपाय**

- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।- जब बाहर हों तो लंबी बाजू की शर्ट पहनें।- खिड़कियों को खुला न रखें।- घर में या घर के आसपास जलभराव न होने दें।- अगर आपको डेंगू के लक्षण हैं तो डॉक्टर से जांच कराएं।

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव संगठन को बद्री केदार आने का निमंत्रण दिया

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर उत्तराखंड के राजनैतिक हालातों की जानकारी दी। उन्होंने खडगे को बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम की यात्रा का भी न्यौता दिया है।

मुलाकात के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस मुलाकात में राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव ने विस्तार से उत्तराखंड के राजनैतिक हालातों की जानकारी ली। साथ ही प्रदेश इकाई की ओर से गत एक साल में किए गए कार्यों का भी विवरण लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे को उत्तराखंड भ्रमण के साथ ही बद्रीनाथ-केदारनाथ तीर्थ यात्रा का भी निमंत्रण दिया। माहरा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से कार्यकर्ताओं में जोश का संचार होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी और सलाहकार अमरजीत सिंह भी मौजूद रहे। इसके अलावा तीनों नेताओं ने कोषाध्यक्ष पवन बंसल से मुलाकात कर कांग्रेस की प्रदेश में स्थित सम्पत्तियों का भी विवरण प्रस्तुत किया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस में सेंधमारी को लेकर किए जा रहे दावों को लेकर अलर्ट किया है। हालांकि प्रदेश इकाई भाजपा नेताओं के बयानों को उनका बड़बोलापन ही मान रही है, साथ ही किसी भी नेता के पाला बदलने की संभावना से इंकार कर रही है। फिर भी मुलाकात के दौरान भाजपा की रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात के बाद कांग्रेस की बहुप्रतिक्षित प्रदेश कार्य समिति के पदाधिकारियों की घोषणा भी जल्द होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय नेतृत्व ने पीएल पुनिया समिति की रिपोर्ट का भी अध्ययन करते हुए, जल्द जरूरी कमद उठाने के संकेत नेताओं को दिए हैं।

### मिथ्या और द्वेषपूर्ण प्रचार पर आरटीओ ने डंडरियाल को भेजा नोटिस

देहरादून। आरटीओ (प्रशासन) सुनील शर्मा ने नरदेव शास्त्री मार्ग निवासी विजय वर्धन डंडियाल को नोटिस भेजा है। नोटिस में परिवहन विभाग पर मिथ्या और द्वेषपूर्ण प्रचार कर विभाग की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। नोटिस में कहा कि विजय वर्धन डंडरियाल ने स्वयं को कथित सिटी बस महासंघ नामक संस्था का अध्यक्ष बताकर प्रेस कांफ्रेंस की है।

## संक्षिप्त खबरें

### गढ़ी कैंट के हिमालय सांस्कृतिक केन्द्र में गूंजेगा निनाद

देहरादून। राज्य के पहले सांस्कृतिक केंद्र के शुभारंभ पर हिमालय सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में संस्कृति विभाग द्वारा 7 से 10 जुलाई तक निनाद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कला प्रदर्शनी, सांस्कृतिक संध्या, लोकनृत्य, लोकसंगीत, पारम्परिक भोज, साहित्य प्रदर्शनी, संस्कृति सिनेमा पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध अभिनेत्री व नृत्यांगना हेमामालिनी की दुर्गा प्रस्तुति, सिनेमा संस्कृति खंड में प्रसून जोशी, बिजेन्द्र काला, संजय मिश्रा के विचार सुनने का मौका मिलेगा। साथ ही इंडियन आइडल विजेता पवनदीप राजन व अरुणिता कांजीलाल की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। निंबूवाला गढ़ी कैंट स्थित हिमालय सांस्कृतिक केन्द्र में हुई प्रेसवार्ता में सचिव हरीश सेमवाल ने बताया कि आयोजन के पहले दिन सात जुलाई को उत्तराखंड की लोक सांस्कृतिक विरासत के साथ ही राज्य संग्रहालय, ललित कला व पुस्तक प्रदर्शनी, पहाड़ी फूड कोट का उद्घाटन होगा। जहां भारत के प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियां दिखाई जाएगी। पहले दिन राजस्थान, आसाम, बंगाल, उत्तराखंड के लोककलाकारों के साथ ही पवनदीप राजन व अरुणिता कांजीलील की प्रस्तुति होगी। शनिवार को सूफी गायिका डॉ.ममता जोशी का सूफी गायन, रविवार को उत्तराखंड का प्रसिद्ध मकरव्यू, सोमवार 10 जुलाई को अभिनेत्री हेमा मालिनी का दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। प्रदेश की लोक सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने वाले वरिष्ठ लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी, पद्मश्री प्रीतम भरतवाण, बसंती बिष्ट, माधुरी बड़थ्वाल मौजूद रहेंगे। राज्य की संस्कृति व परंपरा को दर्शाती फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

### सिपाहियों को कुचलने के प्रयास में फरार इनामी गोतस्कर एसटीएफ ने दबोचा

देहरादून। सिपाहियों को कुचलने के प्रयास में फरार चल रहे इनामी गोतस्कर को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। तीन दिन तक चले ऑपरेशन के बाद आरोपी को बरेली जिले के शेरगढ़ क्षेत्र से दबोचा गया है। आरोपी के खिलाफ गो तस्करी और पुलिस पर हमला करने के केस दर्ज हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 2023 को ऊधमसिंहनगर के पुलभट्टा में केस दर्ज किया गया। आरोपी युनुस और उसके तीन साथी दो वाहनों में गोमांस की तस्करी कर रहे थे। पुलभट्टा पुलिस ने शंकर फार्म कट के नजदीक हाईवे पर रोकने की कोशिश की। तब आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस कर्मचारियों पर गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस कर्मी बामुश्किल बचे। दोनों वाहनों को मौके पर पकड़ लिया गया तो उनमें पांच कुंतल मांस मिला था। अलीम मौके पर तमंचे संग गिरफ्तार हुआ था। उसके तीन साथी फरार हो गए थे। घटना के बाद युनुस (31) पुत्र बददून निवासी वार्ड छह, थाना शेरगढ़, जिला बरेली फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ बीते तीन जून को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट ने तीन दिन ऑपरेशन चलाकर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि इस साल अब तक अभियान चलाकर एसटीएफ ने कुल 38 इनामी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इनमें तीन आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### मौत के बाद भी दुनिया देखेगी अधिवक्ता की आंखे, शोध के काम आएगा शरीर

देहरादून। वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र कुमार (87) भले इस दुनिया से विदा हो गए हैं, लेकिन उनकी आंखे अब भी इस दुनिया का दीदार करेगी और शरीर शोध के काम आएगा। निधन के बाद उनके परिवारजनों ने उनकी इच्छानुसार उनका शरीर दान किया है। 103 हेरीटेज हाइट्स सुभाष रोड निवासी अधिवक्ता जितेंद्र कुमार कामगार संघ और मजदूर संघ के प्रताड़ित सदस्यों के वाद एवं निसहाय महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए उनके वाद निशुल्क कोर्ट में प्रस्तुत किया करते थे। वकालत के साथ-साथ उनकी अन्य विषयों पर भी मजबूत पकड़ थी। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार दून बार एसोसिएशन के सचिव और अध्यक्ष भी रहे। इसी साल मई महीने उन्होंने दधीचि देहदान समिति देहरादून के माध्यम से अपना नेत्रदान, अंगदान, देहदान का संकल्प लिया था। बुधवार सुबह निधन के बाद श्री महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल की नेत्र विभाग की टीम की ओर से उनका नेत्रदान संपन्न कराया गया। फिर दिन में 12 बजे दून मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग में देहदान हुआ। इस दौरान दधीचि देहदान समिति देहरादून के अध्यक्ष डॉ मुकेश गोयल, सचिव नीरज पांडेय, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा, संरक्षक विजय कुमार, दून मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग के अध्यक्ष डॉ महेंद्र पंत, उनके सहयोगी डॉ राजेश मौर्या मौजूद रहे।

# देहरादून में पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर चोर 08 स्कूटी / मोटरसाइकिल की बरामद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 06 जुलाई : 27 जून को सुशील सिंह रावत निवासी नत्थनपुर देहरादून द्वारा कोतवाली नगर में एक लिखित तहरीर दी गई कि उसकी मोटरसाइकिल पल्सर पीएनबी बैंक एस्ले हॉल पार्किंग से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है जिस पर कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 251/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना अ0उ0नि0 संजय मेहरोत्रा के सुपुर्द की गयी।

सादिक हुसैन निवासी सिंगल मंडी लक्खीबाग द्वारा चौकी लक्खीबाग में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 29/30.06.23 को किसी अज्ञात चोर द्वारा उनकी स्कूटी उनके घर के पास से चोरी कर ली है, जिस पर कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 259/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 मोहन नेगी के सुपुर्द की गयी।

दिनांक 04.07.23 को वादिनी नीलम अवस्थी निवासी आवसीय परिसर दून अस्पताल देहरादून ने थाना हाजा पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 04.07.23 को अज्ञात चोरों द्वारा उसकी स्कूटी दून अस्पताल की पार्किंग से चोरी कर ली है जिस पर कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 260/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 आशीष रावत के सुपुर्द की गयी

सन्नी सिंह निवासी खुडबुडा कोतवाली नगर देहरादून द्वारा थाना कोतवाली पर एक प्रा0 पत्र दिया गया कि दिनांक 04.07.23 को उनकी स्कूटी एक्टिवा को किसी अज्ञात चोर द्वारा राजीव गांधी काम्प्लेक्स की पार्किंग से चोरी कर लिया है, जिस पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 262/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचना अ0उ0नि0 सोहनवीर सिंह के सुपुर्द की गयी।

थाना क्षेत्र में लगातार हुई वाहन चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा घटनाओं के शीघ्र अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके अनुपालन में सर्वेश पंवार, पुलिस अधीक्षक अपराध , सरिता डोबाल पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं नीरज सेमवाल क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर द्वारा थाना स्तर पर अलग-अलग टीमें गठित की गयी।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही-

गठित टीम द्वारा वाहन चोरी के अभियोग के अनावरण हेतु निम्न कार्यवाही की गयी।

1- घटनास्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर लगे लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया।2- वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त पुराने व जेल से छुटे हुए अपराधियों का सत्यापन कर पूछताछ की गई। 3- मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।4- थाना क्षेत्र अन्तर्गत जगह-2 चैकिंग अभियान चलाया गया।5- पूर्व में पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशानुसार नशा करने वालों के तैयार किये गये डोजियरों का अवलोकन कर नशा करने वालों से गहनता से पूछताछ की गयी ।

सीसीटीवी फुटेजों के अवलोकन से पुलिस टीम को घटना में शामिल संदिग्धों के फुटेज प्राप्त हुए, जिनके हुलिये का फोटोग्राफ निकालकर पूर्व में थाना स्तर पर नशा करने वालों के तैयार किये गये प्रोफाइल व पूर्व में चोरी आदि में गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के डोजियर से मिलान किया गया तो पूर्व में थाना कोतवाली नगर से आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके अभियुक्त नौशाद एवं नशा करने वालों के पूर्व में तैयार डोजियर से नसीम नाम के एक व्यक्ति के फोटोग्राफ्स से मिलान होना पाया गया ।

घटनास्थलों से प्राप्त सभी सीसीटीवी फुटेज की सहायता से पुलिस टीम द्वारा एक मैप तैयार किया गया, जिससे अभियुक्तगण के घटनास्थल पर आने व घटना करने के पश्चात जाने के महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 04.07.23 को पुलिस टीम द्वारा घटनाओं में शामिल अभियुक्तों नसीम पुत्र शराफत 02- नौशाद पुत्र इरशाद अली, 03- राजेन्द्र पुत्र शिव कुमार को चोरी की स्कूटी सं0 UK04T9005 के साथ मॉरिसन मेमोरियल चर्च बरवाला के पास गिरफ्तार किया गया ।

## संपादकीय



### ‘आतंकवाद’ एक बयान भर

आतंकवाद का मुद्दा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक असंख्य बार उठाया जा चुका है, लेकिन आज तक किसी बड़े देश के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। बेशक आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सबसे अहम मानवीय खतरा है, लेकिन अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में यह ‘खालिस्तान’ के रूप में और पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इराक, ईरान में ‘जेहाद’ के तौर पर आतंकवाद मौजूद है। चीन में भी आतंकवाद है, लेकिन वहां का कम्युनिस्ट शासन उसे प्रताड़ित कर और दबा कर रखता है। यह विडंबना है कि कोई भी देश आतंकवाद को स्वीकार नहीं करता। अजीब अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है कि आतंकी खालिस्तानी पश्चिमी देशों में भारत के वाणिज्य दूतावासों में आगजनी कर सकते हैं। भारत के खिलाफ ‘पोस्टरबाजी’ कर मारने की धमकियां दे सकते हैं। कहने को ये हमारे ‘परममित्र’ देश हैं और रणनीतिक साझेदार भी हैं। ये देश या तो खालिस्तानी हरकतों को काबू नहीं कर सकते अथवा करना नहीं चाहते। भारत के प्रधानमंत्री मोदी को ‘शंघाई सहयोग संगठन’ (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में एक बार फिर आतंकवाद का मुद्दा उठाना पड़ा। हमें यह मुद्दा महज औपचारिकता और बयान भर लगता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बिना ही यह मुद्दा उठाया। उन्होंने वर्चुअल संवाद के जरिए, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में, आतंकवाद का उल्लेख करते हुए यहां तक कहा कि कुछ देश सीमापार आतंकवाद फैलाने में जुटे हैं। आतंकवाद को वे सरकारी नीति के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं। हम ऐसे देशों के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ेंगे। न जाने कितने देश, कितनी बार, निर्णायक जंग की बात कह चुके हैं, लेकिन आतंकवाद अब भी जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें एक समूह के तौर पर साथ मिलकर सोचने और लडऩे की जरूरत है। एससीओ देशों को ऐसे देशों की आलोचना और मुखालफत करनी चाहिए, जो सीमापार आतंकवाद को पोषित करते हैं। उन्हें पनाह देते हैं। आतंकवाद के संदर्भ में ‘दोगला रवैया’ नहीं अपनाना चाहिए। यहां गौरतलब है कि मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के ‘मास्टर माइंड’ आतंकी साजिद मीर को ‘ग्लोबल टेररिस्ट’ घोषित करने के लिए अमरीका और भारत ने सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव रखे थे, लेकिन चीन ने ‘वीटो पॉवर’ का दुरुपयोग कर आतंकी और पाकिस्तान की हिफाजत की। भारतीय प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से चीन को चेताया कि ऐसी कूटनीति नहीं होनी चाहिए। चूंकि आतंकवाद वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया कि इसके खिलाफ एससीओ के सभी सदस्य-देशों को एकजुट होकर निर्णायक जंग लडऩी चाहिए।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## ओबीसी मोर्चा ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया

हरिद्वार। विधानसभा हरिद्वार ग्रामीण के जमालपुर कलां मे भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई गई। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले नौ साल में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है। पिछले नौ साल में लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। प्रधानमंत्री का नौ साल का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मिथुन चौधरी, ग्राम प्रधान हरेंद्र चौधरी, मंडल मंत्री महक सिंह, मंडल मंत्री सुधीर कुमार, एससी एसटी मोर्चा मंडल मंत्री विशेष कुमार, मोहित, सोनू, सतपाल आदि शामिल रहे।

## सात दिन के लिए भेल का खोखा मार्केट बंद

हरिद्वार। बीएचईएल सेक्टर वन के खोखा मार्केट को अगले सात दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इसके पीछे भेल की ओर से सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। चार दिन पहले मार्केट में बाहर से आए युवकों में विवाद भी हुआ था। जिसके बाद भेल ने बीते दो जुलाई से रात नौ बजे तक मार्केट बंद करने के आदेश दिए थे। नौ बजे मार्केट बंद हो रहा था, अचानक दो दिन बाद अब पूरे मार्केट को सात दिनों तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। नगर प्रशासक विजय सिंह चौहान ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आदेशों का पालन न करने वाले दुकानदार पर सार्वजनिक परिसर (अनाधिकृत अध्यासियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अक्सर होता है विवाद

इस जगह पर अक्सर विवाद होता है, क्योंकि बाहरी क्षेत्र से लोग यहां पहुंच रहे हैं। युवक और युवतियों की संख्या अधिक होती है। पिछले कई साल से इस मार्केट के कारण आसपास में विवाद हो रहा है।

## दो नाली जमीन वालों को भी मिलेगा एप्पल मिशन का लाभः गणेश जोशी

देहरादून। उत्तराखंड में कम जमीन वाले लोगों को भी एप्पल मिशन का लाभ मिलेगा। अब एप्पल मिशन के लिए 20 नाली भूमि की बाध्यता को समाप्त करते हुए सिर्फ दो नाली कर दिया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कृषि विभाग में महानिदेशक का भी पद सृजित किया जाएगा। कैंट रोड स्थित आवास में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023-24 में उच्च गुणवत्तायुक्त फल पौध रोपण योजना के तहत 19 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है।

पिछले साल दो लाख सेब के पौधे लगाए गए थे, वहीं इस वर्ष 12 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए दो नाली जमीन वाले किसानों को भी लाभ दिया जाएगा। 20 नाली की बाध्यता को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में 290 प्रस्तावों के ऋण स्वीकृत कराए गए हैं। इसके साथ ही एक इन्क्यूवेशन सेन्टर की पन्तनगर में स्थापना की गयी है। कालाढूंगी, नैनीताल, गंगालहरी, देहरादून में भी इन्क्यूवेशन सेन्टर स्वीकृत कराए गए हैं। राजकीय उद्यान चौबटिया अल्मोड़ा, रामगढ़ नैनीताल और धनोल्टी टिहरी के साथ साथ विभिन्न राजकीय उद्यानों को हार्टी-टूरिज्म के रुप में विकसित कराया जा रहा है। प्रदेश में सेब की उन्नत बागवानी को बढ़ावा देने को अति सघन बागवानी और सेब भंडारण नीति तैयार की गई है। जो कैबिनेट के समक्ष रखी जाएगी। कृषि महानिदेशक का पद सृजित करने को कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।

उद्यान के विकास को जाइका से 526 करोड़ मंजूर

कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि, उद्यान विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार को दोनों विभाग दृष्टि पत्र तैयार करेंगे। अल्पकालिक और दीर्घकालिक उद्देश्य तय किए गए हैं। वाह्य सहायतित परियोजना (जाइका) से बागवानी के विकास को 526 करोड़ की उत्तराखंड एकीकृत औद्यानिक विकास परियोजना स्वीकृत कराई गई है। इससे टिहरी, उत्तरकाशी, नैनीताल और पिथौरागढ़ में काम होगा। इसी तर्ज पर प्रदेश के नौ अन्य जिलों में औद्यानिकी के एकीकृत विकास को एडीबी से दो लाख करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने को कीवी के पौधों की संख्या 2021-2022 में 93 हजार से बढ़ाकर 2022 -2023 में 2.12 लाख की गई। उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने को सीएम राज्य कृषि विकास योजना के तहत 16.56 करोड़ कीवी को मंजूर कराए गए। पांच करोड़ जारी कर उपयोग में लाया गया।

2025 तक दोगुना होगा झंगोरे, मंडुवे का उत्पादन

मंत्री ने कहा कि अभी मंडुवे का उत्पादन 1.25 लाख मीट्रिक टन है। झंगोरे का उत्पादन 65 हजार मीट्रिक टन है। वर्ष 2025 तक श्री अन्न का उत्पादन दोगुना होगा। 670 प्राथमिक समितियों और 61 हजार स्वयं सहायता समूहों से किसानों से मंडुआ की खरीद कर बिचौलियों पर अंकुश लगाया जाएगा। वर्ष 2025 तक सवा लाख बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। जल्द विभाग क्रय नीति बनाएगा।

# उत्तराखंड : अब केदारनाथ में रील्स बनाना पड़ेगा महंगा, होगी कड़ी कार्रवाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 06 जुलाई : आस्था के प्रतीक केदारनाथ धाम को व्लॉग्स और यूट्यूबर्स ने रील बनाने का अड्डा समझ लिया है। कोई मंदिर परिसर में प्रेमी को प्रपोज कर रहा है तो कोई मंदिर के गर्भगृह में नोट उड़ा रहा है। व्लॉग्स की इन हरकतों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोग मंदिरों में होने वाली ऐसी हरकतों के खिलाफ अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं। इन तमाम बातों को देखते हुए अब मंदिर समिति ने मंदिर के अंदर मोबाइल लाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

इसके लिए जरूरी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जो लोग मंदिर परिसर में आपत्तिजनक वीडियो बनाते हैं, उन्हें रोकने के लिए भी मंदिर समिति के कार्याधिकारी ने पुलिस को पत्र देकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। मंदिर समिति को इस तरह के कड़े कदम क्यों उठाने पड़े, इसकी वजह भी बताते हैं। दरअसल केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में मोबाइल ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। श्रद्धालुओं के फोन स्विच ऑफ कराने के बाद ही उन्हें मंदिर में एंट्री दी जाती है, लेकिन इसके बावजूद मंदिर से जुड़े







कई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी पैदा हुई है।

इन तमाम घटनाओं को देखते हुए मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने पुलिस को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने धार्मिक भावनाओं के विपरीत यूट्यूब वीडियो, इंस्टाग्राम रील्स और वीडियो बनाने वालों पर निगरानी रखने और आपत्तिजनक वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मंदिर के अंदर मोबाइल ले जाने पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा, ताकि धर्मस्थल की मर्यादा बनी रहे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को प्रीतम रोड़, देहरादून स्थित श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। यह छात्रावास पूर्व राज्यसभा सांसद श्री तरुण विजय की सांसद निधि (2014-15) द्वारा निर्मित किया गया। छात्रावास के लोकार्पण के अवसर पर राज्यपाल ने इस छात्रावास को बनाने में सहयोग करने के लिए श्री तरुण विजय और महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास यहां अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए उचित आवास की व्यवस्था बनाने में सहायक होगा।




राज्यपाल ने कहा कि जब हम उत्तराखण्ड के प्राचीन इतिहास के बारे में पढ़ते हैं तो हमें पता चलता है कि उत्तराखण्ड की इसी धरती से संस्कृत भाषा के माध्यम से ज्ञान और विज्ञान का प्रसार हुआ था। भगवान वेदव्यास जी ने वेदों के ज्ञान को श्री बद्रीनाथ की पवित्र भूमि से विस्तारित किया था। इसी भूमि पर सभी पुराणों की रचना हुई थी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम संस्कृत भाषा को आगे ले जाने का संकल्प लें और इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत भाषा उन्नयन के लिए सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है, इसके लिए हर एक को निस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में जो शक्ति और ज्ञान-विज्ञान समाहित है, उस अनुपात में हम अभी संस्कृत भाषा को पूरा महत्व नहीं दे पा रहे हैं, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय, गुरुकुल अपनी क्षमता के अनुसार इसके विकास और संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। लेकिन हम सभी को भी इस दिशा में अपना पूर्ण योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत विद्या के संरक्षण के लिए श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय और ऐसे ही सभी संस्कृत विद्यालयों को सभी प्रकार से आवश्यक संसाधनों की आवश्यकताएं अवश्य ही पूरी होनी चाहिए। सामूहिक प्रयासों से हम इस प्रकार की वास्तविक धरोहर को संरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद तरुण विजय और विधायक खजान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर निदेशक संस्कृत शिक्षा एस.पी. खाली, प्रधानाचार्य रामप्रसाद थपलियाल सहित अनेक गणमान्य लोग और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फर्जी डीड से रेस्टोरेंट में हिस्सेदार बनाने का झांसा देकर बीस लाख हड़पे

देहरादून। फर्जी पार्टनरशिप डीड के जरिए रेस्टोरेंट में हिस्सा दिखा मां-बेटे ने कारोबारी से बीस लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित कारोबारी ने दोनों के खिलाफ फर्जीवाड़े को लेकर राजपुर थाने में केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने बताया कि प्रकरण को लेकर विजय अग्रवाल निवासी स्कॉर्फ अपार्टमेंट, द्वितीय तल, जोहड़ी रोड, जाखन ने तहरीर दी। कहा कि वह पिछले कुछ सालों से रितु चौधरी पत्नी रविंद्र चौधरी और उनके बेटे तुषार चौधरी निवासी राजपुर रोड को जानते पहचानते हैं। दोनों इंदरबाबा मार्ग पर द वॉल स्ट्रीट रेस्टोरेंट का संचालन कर रहे थे। कहा कि करीब पांच महीने पहले मां-बेटा उनके इंद्रेशनगर स्थित कार्यालय आए। बताया कि वह आर्थिक तंगी में हैं। इस वजह से रेस्टोरेंट का किराया भी समय पर नहीं चुका पा रहे हैं। रेस्टोरेंट में हिस्सेदार बनाने का झांसा दिया। बराबर का हिस्सेदार बनाने के लिए बीस लाख रुपये मांगे। आरोपियों ने एक पार्टनरशिप डीड और किरायानाम भी पीड़ित का नाम शामिल करते हुए बनाया गया। आरोप है कि उस पर रेस्टोरेंट की बिल्डिंग मालिक के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। इसका पता पीड़ित को बाद में लगा, जब आरोपियों ने किसी तीसरे व्यक्ति को वह रेस्टोरेंट किराये पर दे दिया। एसओ जितेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजभवन ऑडिटोरियम में हुई महिलाओं के लिए स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित

देहरादून। राजभवन ऑडिटोरियम में बुधवार को प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए एक स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग, सीएमआई अस्पताल डॉ. सुमिता प्रभाकर ने उपस्थित महिलाओं को स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता और इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं में स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और इसके रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सुमिता ने कहा कि स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्क्रीनिंग किया जाना जरूरी है जिससे कैंसर की पहचान हो सके और इसका इलाज जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने महिलाओं को संतुलित आहार करने, अपने वजन की देखभाल करने, तनाव को प्रबंधित और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा की इन सभी उपायों से किसी भी प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य जहां महिला सदस्यों के स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है वहीं उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना भी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में इतना व्यस्त रहती हैं और वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल करना भूल जाती है। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति हमें स्वयं गंभीर होने की जरूरत है। स्वास्थ्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। यदि हम स्वस्थ होंगे तो हमारा परिवार स्वस्थ होगा और हमारे आसपास अच्छा वातावरण रहेगा। प्रथम महिला ने विश्वास जताया कि डॉ. सुमिता द्वारा दी गई स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां सभी महिलाओं के लिए लाभकारी होगी और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति और संवेदनशील रहेंगी।

### कांवड़ क्षेत्र को चार जोन में बांटा

रुडक़ी। हरिद्वार जिला पंचायत की ओर से कांवड़ मेले के लिए स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के लिए जिला पंचायत ने पूरे जिले को चार जोन में बांटा है। रुडक़ी और आसपास के देहात क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मंगलौर के समीप कांवड़ पटरी का निरीक्षण कर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ किरण चौधरी ने बताया कि कांवड़ मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस बार जिला पंचायत ने विशेष व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले को चार जोन में बांटने के साथ नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### सडक़ हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

रुडक़ी। बाइक की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। रहमतपुर गांव निवासी नूर आलम ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि उसका भाई शाहनजर 21 जून को अपने घर से पैदल दुकान पर जा रहा था। जैसे ही वह कुछ दूरी तय करने के बाद कलियर रोड पर पहुंचा तो तेज गति से बाइक सवार आरिफ पुत्र शमशेर निवासी बेलड़ा ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने से बाद युवक मौके से फरार हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया था। घायल युवक का हायर सेंटर में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। एसओ जहांगीर अली ने बताया कि नूर आलम की तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।